मौसम दिन में सूरज और बादलों के बीच चली लुकाछिपी, लुढ़केगा पारा, बढ़ेगी ठंड

सुबह रिमझिम बारिश से भीगा शहर

जबलपुर। बुधवार को सुबह बारिश के बाद धूप खिल उठी। सुबह रिमझिम बारिश से शहर की सड़कें भींगी। झमाझम बारिश हुई। हालांकि दिन चढ़ने के बाद बादल छंटने लगे और चटक धूप निकल आई। इसके बाद बादलों का मिजाज फिर से बदल गया। दिन में सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी चलती रही। वहीं एक नया पश्चिमी विक्षोभ 30 जनवरी की रात से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। दो दिन पारे के लुढ़कने की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ वर्तमान में उत्तर पाकिस्तान एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में माध्य समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी की ऊँचाई पर अवस्थित है। दक्षिण-पश्चिम राजस्थान एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। एक टूफ वर्तमान में पूर्वोत्तर अरब सागर से उत्तर पंजाब तक, सौराष्ट्र, कच्छ तथा पश्चिम राजस्थान से होकर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊँचाई तक विस्तृत है। पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर, लगभग 250 किमी घंटा की गति से उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम प्रभावी है।

ऐसा रहा तापमान

बुधवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 88 और शाम को 70 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तरी हवाएं 4 से 5 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

गेहूं को फायदा, चना और मटर में खतरा

बुधवार सुबह हुई जनवरी की हल्की बारिश रबी फसलों के लिए मिली-जुली रही। बारिश से गेहूं, चना और मटर की फसलों में मिट्टी की नमी बढ़ी, जिससे फसलों के विकास को लाभ मिला। गेहूं के लिए यह बारिश सामान्य तौर पर फायदेमंद मानी जा रही है, जबकि चना और मटर में बढ़ी नमी से फली छेदक कीट और जड़ सड़न का खतरा बना हुआ है। किसानों ने बताया कि यदि बारिश कम हुई तो लाभ होगा, लेकिन तेज हवा या ओलावृष्टि की स्थिति में चना और मटर की खड़ी फसलों के फूल-फल झड़ने से नुकसान की आशंका बढ़ जाएगी।

पेशी से लौट रहे युवक को रोककर मारे चाकू

जबलपुर। शहपुरा थाना अंतर्गत रेल्वे ब्रिज के ऊपर बदमाशों ने पेशी से लौट रहे युवक को रोक लिया और चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी।

पुलिस के मुताबिक दिलीप रजक निवासी ओम शांति कालोनी शहपुरा ने बताया कि वह ड्रायवरी का काम करता है। जबलपुर न्यायालय पेशी पर गया था पेशी बढ़ जाने से बाइक से घर आ रहा था अमन ढाबा के आगे धरमकांटा के सामने पहुँचा वहां पर उसे देखकर शहपुरा निवासी नारायण रजक, चंदू रजक और छोटू रजक बोले कि पकड़ो इसे, वह रूका तो तीनों विवाद करने लगे। शराब पीने के लिए रूपए मांगने लगे मना करते हुए बाइक लेकर धरमकांटा होते हुये हाईवे की ओर रात्रि 8-30 बजे रेल्वे ब्रिज के उपर पहुंचा तो तीनों उसका पीछा करते हुये आये एवं नारायण रजक, चंदू रजक ने उसे पकड लिया। खर्चे के लिये रूपये मांगने लगे, चंदू ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी।

नाबालिग सड़कों पर भर रहे फर्राटा स्कूल प्रशासन और यातायात विभाग लाचार

जबलपुर, नवभारत। यातायात व्यवस्था की धज्जियां कैसे उड़ाई जाती है, इसकी बानगी रोज सुबह और दोपहर स्कूलों के लगने और छूटने के वक्त देखा जा सकता है। मालूम हो कि नाबालिग बच्चों का मोटर वाहन चलाना कानूनन अपराध है। फिर भी शहर में इन नियमों को विद्यार्थी धता बता रहे हैं। इससे आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, लेकिन स्कूल प्रबंधन और न ही नगर प्रशासन इस पर लगाम लगा पा रही है। हैरत तो यह है कि इस काम में बच्चों का सहयोग खुद अभिभावक भी देते हैं।

नगर क्षेत्र में अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। स्कूलों से वापस लौटते समय एक स्कूटी पर तीन तीन बालक बालिकाएं तेज गति से फिल्मी स्टाइल में लहराते हुए गाड़ियां चलाते आसानी से देखें जा सकते है।

अभिभावकों ने बच्चों को दी है छूट

बता दे कि वैसे तो यातायात पुलिस भले ही अन्य वाहनों का चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही होने का प्रमाण देती है, लेकिन न जाने क्यों इसका असर स्कूली बच्चों पर दिखाई नहीं दे रहा है। बच्चे प्रशासन के सामने से ही ट्रिपल राइडिंग करते नजर आते हैं। वहीं स्कूल प्रशासन के द्वारा भी कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है। इस बड़ी लापरवाही के कारण आए दिन हादसे होते रहते है। वाहनों में सुरक्षा व्यवस्था के भी कोई मानक नहीं रहते है।

20 हजार पट्टाधारकों ने नहीं कराया नवीनीकरण

नवभारत,जबलपुर। जिले में लगभग 20 हजार पट्टाधारक अभी तक नवीनीकरण नहीं करा पाए हैं। जिसको लेकर नजूल स्थाई पट्टों का नवीनीकरण कराने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया गया है। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। अपर कलेक्टर ने बैठक में कहा कि नजूल पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराने वाले सभी पट्टाधारकों को नोटिस जारी कर आवश्यक दस्तावेजों सहित सात दिन के भीतर आवेदन प्रस्तुत करने का समय दिया जाये। बैठक में अपर कलेक्टर गहलोत ने कहा कि जो पट्टाधारक सात दिन के भीतर नवीनीकरण के लिए

आवेदन नहीं करेंगे, उनके पट्टों पर पुनः प्रवेश (भूमि वेष्ठित करने) की कार्यवाही शुरू की जाएगी। इसके साथ ही ऐसे मामलों में अर्थदंड एवं भू-भाटक सहित डायवर्जन के प्रकरण तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज

नवीनीकरण के लिए पट्टाधारकों को पुराने पट्टे (फार्म एच, फार्म एफ, फार्म आ) या 1955 से अब तक के नजूल खसरे की सत्यापित प्रति, सभी आहरण संबंधी दस्तावेज, नामांतरण आदेश की प्रतिलिपि, व्यवसाय का विवरण, वर्तमान नजूल संधारण खसरा, नक्शे और आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। पट्टाधारक अपने संबंधित ब्लॉक के राजस्व निरीक्षक से संपर्क कर नवीनीकरण आवेदन कर सकते हैं।

भोलेनाथ मंदिर में चोरी

जबलपुर। कोतवाली थाना अंतर्गत गलगला सिति भोलेनाथ मंदिर में चोरों ने धावा बोलते हुए भगवान की मूर्तियां समेत अन्य सामग्री पार कर दी। सुबह जब श्रद्धालुओं को पता चला तो आक्रोश फैल गया। मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की लेकिन देर शाम तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। श्रद्धालुओं ने पुलिस गश्त पर भी सवाल उठाए है। उनका कहना है कि पुलिस गश्त नहीं करती है जिसके चलते चोरों के हौसलें बुलंद है। जानकारी के मुताबिक गलगला तिराह में भोलेनाथ का मंदिर है। बीती रात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ा और भगवान के छत्र-मुकुट सहित अन्य सामान चुराकर ले गए।

ननि में शिकायत करने पर बौखलाएं पड़ोसियों ने मां-बेटी पर किया हमला

घर के सामने रेत डम्प करने पर उपजा विवाद, उपद्रव सीसीटीवी कैमरे में कैद

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत शिवनगर में घर के सामने रेत डम्प करने की नगर निगम में शिकायत करने पर बौखलाएं पड़ोसियों ने मां बेटी पर हमला कर दिया। लात, घूसों से पीटने के बाद पथराव कर डंडे से भी हमला किया। उपद्रव सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

पुलिस ने बताया कि श्रीमति अंजू पांडे निवासी शिवनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति

बाहर रहते है। घर के सामने राहुल यादव अपने परिवार के साथ रहता है जिसने अपना मकान बनवाने के लिये उसके घर के सामने करीब 15 दिन से रेत डलवा के रखा है जिसकी शिकायत नगर निगम में की थी इसी बात को लेकर सुबह करीबन 7.30 बजे राहुल यादव, सुनीता यादव आये और रेत की बात को लेकर विवाद करने लगे। हाथ मुक्के से मारपीट करने लगे तो वह भागने लगी तो विशू बंगाली, मंदाकिनी यादव व बबीता यादव आ गयी जिन्होंने ने भी हाथ मुक्के से मारा। मंदाकिनी यादव ने डंडे से मारा है जिससे चोट आ गई। बेटी यशी पांडेय आयी तो उसको सुनीता यादव ने पत्थर फेंककर मारा है जिससे बेटी को पेट में चोट आयी है।

पुलिस ने रिपोर्ट पर राहुल यादव, सुनीता यादव, रोहित यादव, विशू बंगाली, मंदाकिनी यादव, बबीता यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसों में एक की मौत, पांच घायल

जबलपुर। शहर व ग्रामीण अंचल में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। खमरिया पुलिस के मुताबिक त्रिलोकपुरी गोस्वामी निवासी मानेगावं ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चम्पानगर गेट के पास बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 9237 के चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आ गई। इसी प्रकार कुंडम पुलिस ने बताया कि रविन्द्र उडावी निवासी ग्राम छत्तरपुर थाना पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुंदवारा पुल के ऊपर बाइक क्रमांक एमपी 21 एम आर 7734 के चालक ने सौरभ की मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे उसके पिता प्रेमलाल एवं सौरभ को चोटें आ गई। इसी प्रकार बरगी थाने में पुरूषोत्तम मरावी निवासी तिखारी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि पिकअप क्रमांक एमपी 20 जी बी, 1042 के चालक ने बदेवी मरावी को सामने से टक्कर मार दिया जिससे देवी मरावी को चोट आ गई। इसी प्रकार कैंट थाने में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि विकास चौधरी 17 वर्ष निवासी कजरवारा थाना गोराबजार का सदर चौपाटी के सामने टीआई क्रासिंग के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के बुधवार सुबह लगभग 5-15 बजे विकास चौधरी की मौत हो गई।

सोने-चांदी के जेवरात, नगदी ले गए चोर

अयोध्या दर्शन कर लौटा परिवार, टूटा मिला घर का ताला

जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत हर्षनगर में चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, नगदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार अयोध्या दर्शन करने गया हुआ था। जब वापिस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। जेवर, नगदी गायब थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को नीरज खरे 32 वर्ष निवासी हर्षनगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 जनवरी को सुबह लगभग 4 बजे परिवार सहित चार पहिया वाहन से अयोध्या दर्शन के लिये घर में ताला लगाकर गये थे दर्शन के बाद बीती रात लगभग 11-30 बजे घर वापस आये देखा घर में लगा ताला टूटा था अंदर जाकर देखे आलमारी खुली थी सामान बिखरा हुआ था लॉकर में रखे सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी बाले, डायमंड की 2 अंगूठी, चांदी की 9 जोड़ी पायल, 4 जोड़ी बिछिया, चांदी की गणेश एवं लक्ष्मी जी मूर्ति, सिक्के 25 नग, 4 चूड़ी, चांदी के पूजा के बर्तन, नगदी 20 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर चोरी कर ले गया है।

टिमरी में भी हुई चोरी

पाटन थाने में बुधवार शाम शिवम तिवारी निवासी मारूति नगर ग्राम टिमरी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि माता पिता के यहॉ पत्नि के साथ चला गया था। बुधवार दोपहर 12-30 बजे घर आया तो ताला टूटा मिला। सामान बिखरा था अलमारी में रखे सोने जेवरा, नगदी गायब थी।

974 कर्मचारियों के खाते में पहुंची ओटी एरियर्स की राशि

जीसीएफ के कर्मचारियों ने किया मजदूर संघ हथौड़ा का आभार

नवभारत,जबलपुर। जीसीएफ के कर्मचारियों ने मजदूर संघ हथौड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसकी मुख्य वजह बहुप्रतीक्षित ओटी एरियर्स का भुगतान जीसीएफ के कर्मचारियों को करना रही। कर्मचारियों का कहना है कि मजदूर संघ हथोड़ा लगातार

उक्त मामले में संघर्षरत रही जिसका परिणाम आज जीसीएफ के सभी जनता को प्राप्त हुआ। इस भुगतान के बाद से कर्मचारियों में खुशी की लहर व्याप्त है। मजदूर संघ हथौड़ा के अध्यक्ष विनय गुप्ता, महामंत्री रोहित गुप्ता ने बताया कि बुधवार को करीब जीसीएफ के 974 कर्मचारियों के ओटी एरियर्स के भुगतान की राशि उनके बैंक खातों में पहुंच गई है। उत्साहित कर्मचारियों द्वारा ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक एवं महासचिव कामरेड सी कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया गया है जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट से मजदूरों के हित में फैसला कराया।

राजस्व वसूली में लाएं तेजी, विकास कार्यों को दें गति : अपर आयुक्त

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने और शहर के विकास कार्यों को निर्बाध गति देने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त अरविंद शाह ने राजस्व वसूली अभियान की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों के लिए राजस्व का समय पर संकलन अनिवार्य है, और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त ने सभी वार्डों और जोन के

वसूली आंकड़ों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए राजस्व अमले को काम करने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े बकायेदारों की पहचान कर उनसे प्राथमिकता के आधार पर संपर्क करने और उनसे बकाया राशि जमा कराने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त श्री शाह ने सभी को निर्देशित किया कि डिजिटल पेमेंट और ऑनलाइन सुविधाओं के प्रति करदाताओं को प्रेरित करें, उन्हें जागरूक करें ताकि वे आसानी से घर बैठे कर जमा कर सकें।

स्टेशन में मिले छात्रावास से गायब हुए तीनों नाबालिग छात्र

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर मांडवा स्थित एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के छात्रावास से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुए तीनों नाबालिग छात्र मुख्य रेल्वे स्टेशन में बुधवार को मिल गए। पुलिस ने तीनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि छात्रावास में उन्हें घूमने, खेलने नहीं दिया जाता है। बाहर भी जाने नहीं दिया जाता है। परिजनों की याद आती है। पढ़ाई का दबाव बनाया जाता है जिसके चलते वे छात्रावास से भाग गए थे। पुलिस के मुताबिक रामपुर मांडवा स्थित एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय के छात्रावास में रहने वाले छिंदवाड़ा, बरेला, सिवनी निवासी 15 व 16 वर्ष के तीन छात्र सोमवार रात्रि आठ बजे गायब हो गए थे। तीनों के परिजन थाने पहुंचे थे जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज किया था। टीआई नितिन कमल ने बताया कि सीसीटीव्ही कैमरे में तीन छात्र छात्रावास के गेट से कूदकर भागते नजर आये थे। जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया था तीनों प्लानिंग के तहत भागे है। पुलिस ने तीनों की पतासाजी शुरू की। रेल्वे स्टेशन में भी खोजबीन की जा रही थी इसी दौरान तीनों छात्र मिल गए। जिन्हें दस्तयाब करने के बाद परिजनों को सूचित किया गया और उ न्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

बैंक में बंधक संपत्ति को बेचने का अनुबंध कर लगाई लाखों की चपत

जबलपुर। ऋण चुकता न करने पर बैंक द्वारा अधिग्रहित की गई संपत्ति को बेचने का अनुबंध कर जालसाज ने लाखों रूपए की धोखाधड़ी कर दी। मामला माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी स्थित फ्लैट का है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक देवेन्द्र पटेल पिता स्व रामविसाल पटेल 44 वर्ष निवासी शांतिनगर दमोहनाका ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि महेश पटेल पिता कोमल प्रसाद पटेल 48 साल निवासी केशव नगर मानेगांव रांझी से उसकी जान पहचान थी। महेश और उसके मध्य समदडिया ग्रीन सिटी के टावर नंबर 7 के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नं. 713, रकवा 479 वर्गफुट को विक्रय करने का अनुबंध 13 लाख रूपए में हुआ था। 2,50,000 रूपए महेश प्रसाद पटेल ने बयाने के तौर पर प्राप्त किए थे। अनुबंध पत्र में महेश ने यह उल्लेख किया था कि उसने पंजीकृत विक्रय पत्र 8 सिमबर 2016 से सम्पत्ति खरीदी थी, जिसका वे एक मात्र मालिक है और विक्रय करने का अधिकार है। अनुबंध में यह भी शर्त तय हुई थी कि इलाहाबाद बैंक में सम्पत्ति को बंधक मुक्त कराकर और विक्रय पत्र का निष्पादन उसके के पक्ष में कराएगा। अनुबंध पत्र के पालन में सम्पत्ति बंधनमुक्त कराने के लिए कुल 9,44, 500 की राशि महेश ने प्राप्त कर ली थी। कई बार विक्रय पत्र के निष्पादन का आग्रह किया परन्तु उसने नोटिस देने के बाद भी विक्रय पत्र का निष्पादन नहीं किया जब इलाहाबाद बैंक सिविल लाइन जबलपुर से संपर्क किया तो उसे पता चला कि बैंक की किश्त जमा नहीं होने के कारण अधिग्रहित सम्पत्ति को धोखाधड़ी कर बेचने का अनुबंध कर धोखाधड़ी की गई है।

शिक्षा में जातीय भेदभाव समाप्त करने की उठी मांग

यूजीसी नीति के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन

नवागत,जबलपुर। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित यूजीसी से जुड़ी नीति के विरोध में बुधवार को जबलपुर में समस्त सवर्ण समाज के बैनर तले एक शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजन किया। दोपहर को घंटाघर से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाज के लोग, अभिभावक एवं छात्र शामिल हुए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित यूजीसी व्यवस्था शिक्षा प्रणाली में असमानता और भय का वातावरण उत्पन्न कर सकती है, जिससे मेधावी छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने शिक्षा को जातीय भेदभाव से मुक्त रखने और सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे आने वाली पीढ़ी को निष्पक्ष, भयमुक्त और समान शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए एकजुट हुए हैं। समाज के प्रतिनिधियों ने सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार करने और सभी पक्षों से संवाद स्थापित करने की अपील की।

समस्याएं मांगों को लेकर 30 को कांग्रेस निकालेगी जन अधिकार न्याय पदयात्रा

अम्बेडकर चौक से अब्दुल हमीद चौक तक बने फ्लाईओवर

जबलपुर। शहर के पूर्व विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित बहुप्रतीक्षित फ्लाई ओवर ब्रिज की मांग को लेकर एक बार फिर राजनीतिक और जनआंदोलन तेज हो गया है। पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने पत्रकार वार्ता में बताया कि अम्बेडकर चौक से शहीद अब्दुल हमीद चौक तक लगभग 25 सौ मीटर लंबे फ्लाईओवर के अभाव में क्षेत्र में रोज़ाना भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर श्मशान घाट करिया पाथर और मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान स्थित होने के

कारण शव यात्राओं के समय घंटों ट्रैफिक जाम रहता है। वहीं, जिला अस्पताल एल्गिन मार्ग इसी रास्ते से गुजरने के कारण गर्भवती महिलाओं, मरीजों, स्कूली बच्चों और वकीलों को भी अत्यधिक परेशानी होती है।

उन्होंने गोहलपुर क्षेत्र के नवनिर्मित फ्लाईओवर का मुद्दा भी उठाते हुए कहा कि संकरे पुल के कारण वहां दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। मांग की गई है कि पुल का तत्काल विस्तारीकरण किया जाए और फ्लाईओवर को गोहलपुर होते हुए अधारताल तक जोड़ा जाए। इन प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस की जनअधिकार न्याय पदयात्रा 30 जनवरी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दोपहर 2 बजे पहारिया पैलेस, अब्दुल हमीद चौक से अम्बेडकर चौक तक निकाली जाएगी। आयोजकों ने पत्रकारों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों और आम नागरिकों से सहयोग की अपील की है। पत्रकार वार्ता में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, जतिन राज आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

सरिया उठाने का वीडियो बनाया तो तीन लोगों पर किया हमला

जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत इंद्राना में नव निर्मित रिंग रोड ब्रिज निर्माण कार्य में लगने वाला सरिया उठाने का वीडियो बनाने पर बदमाश ने तीन लोगों पर धारदार हथियार और राड से हमला कर घायल कर दिया।पुलिस ने बताया कि दिनेश कुमार 35 वर्ष निवासी ग्राम इंद्रा बरेला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वीआरएस इंफ्रा प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी में रिंग रोड निर्माण में ब्रिज बनाने में लेवर का काम करता है। कल ग्राम लोहकरी निवासी साहिल अपने 2 साथियों के साथ नव निर्मित रिंग रोड ब्रिज निर्माण कार्य ग्राम इंद्राना में आया और लोहे की सरिया उठाने लगा, उसने साहिल को सरिया उठाने से मना किया तो नहीं माना वह साहिल का वीडियो बनाने लगा तो साहिल ने गुस्से में उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर ब्रिज की दीवार पर पटक दिया जिससे मोबाइल टूट गया, उसके बाद तीनों चले गये थे। रात लगभग 8-10 बजे साहिल अपने साथियों के साथ आकर दोपहर में हुये विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुये बोला कि कौन था जो मेरा वीडियो बनाया था कहकर अचानक से धारदार हथियार और राड से हमलाकर चोट पहुंचा दी पास में खड़े गोरधनराम, बापूलाल पर भी हमला कर चोटें पहुँचा दी। बुलेरो गाड़ी के कांच तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिये एवं गोरधनराम का एमआई कम्पनी का मोबाइल ले गये एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।